दिन– बुधवार 　　　　　　　　　　　　　　　　　　　दिनांक– 14 / 01 / 2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। 　　　　　　　　　　　　　　　अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – किसानों के प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मिल रही है मजबूती।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पशु नस्ल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

03. फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर पूर्णिया राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में नामांकन लेने वाले सात छात्रों को किया गया निष्कासित।

04. और, पारंपरिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है मकर संक्रांति का त्योहार।

---

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि किसान, राष्ट्र निर्माण में सशक्त भागीदार हैं और उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मजबूती मिल रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार, किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए अथक प्रयास किये जा रहे हैं। श्री मोदी आज सूचना और प्रसारण राज्य मंत्री डॉ. एल. मुरुगन के नई दिल्ली स्थित आवास पर आयोजित पोंगल समारोह को संबोधित कर रहे थे।

———बाइट———

हमारे किसान राष्ट्र निर्माण के मजबूत साथी हैं, उनके प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को बहुत मजबूती मिल रही है। केंद्र सरकार भी किसानों को सशक्त बनाने के लिए प्रतिबद्ध होकर लगातार काम कर रही है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि सरकार पर्यावरणीय हितों को ध्यान में रखते हुए टिकाऊ खेती के लिए काम कर रही है। उन्होंने युवाओं से कृषि क्षेत्र के विकास के लिए आगे आने का आह्वान किया।

———बाइट———

---

केंद्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने और पशुधन को बढ़ाने के लिए पशु नस्ल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया है। उन्होंने कहा कि दो सौ छियालीस विभिन्न नस्लों की पहचान की गई है, जिनमें से सोलह नस्लों का आज पंजीकरण किया गया।

———बाइट———

---

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि पूर्व सैनिक राष्ट्रीय चेतना के जीवंत स्तंभ, सामूहिक साहस के प्रतीक और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्रोत हैं। सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस के अवसर पर आज नई दिल्ली में श्री सिहं ने कहा कि पूर्व सैनिक राष्ट्र निर्माण के हर मोर्चे पर योगदान देते हैं और अनुशासन, नेतृत्व और साहस जैसे गुणों से समाज का मार्गदर्शन करते हैं।

———बाइट———

साथियों, आप सभी केवल सर्विस से रिटायर हुए एक सैनिक मात्र नहीं हैं, आप हमारी राष्ट्रीय चेतना की जीवंत स्तंभ हैं, आप हमारे सामूहिक साहस के प्रतीक और हमारी भावी पीढ़ियों के आप प्रेरणा स्रोत है। बीस साल की उम्र के आसपास जब आप लोगों ने यह निर्णय लिया होगा कि आपको आर्म फोर्सेज़ में जाना है तो आपने उस समय केवल एक पेशा नहीं चुना था एक सैनिक के रूप में आपने एक संकल्प लिया था जहां व्यक्ति स्वयं को पूर्णतारू राष्ट्र के लिए समर्पित कर देता है।

इधर, पटना के दानापुर छावनी स्थित बिहार रेजीमेंट सेंटर में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां ने कहा कि देश की स्वतंत्रता और सुरक्षा के लिए सैनिकों, पूर्व सैनिकों और वीर नारियों का सम्मान अत्यंत आवश्यक है।

———बाइट———

---

पूर्णिया स्थित राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन लेने वाले सात छात्रों को निष्कासित कर दिया गया है। प्राचार्य डॉक्टर हरिशंकर मिश्रा ने बताया कि निष्कासित किये गए छात्रों का नामांकन वर्ष दो हजार तेईस और दो हजार चौबीस में हुआ था। उन्होंने बताया कि इस वर्ष फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर नामांकन लेने का प्रयास कर रहे एक छात्र के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई गयी है।

———बाइट———

---

परिवहन मंत्री श्रवण कुमार ने कहा है कि सरकार अब ग्रामीण सड़कों पर भी दुर्घटना में घायल लोगों को इलाज के लिए सहायता उपलब्ध करायेगी। श्री कुमार ने बताया कि दुर्घटना के शिकार लोगों को डेढ़ लाख रूपये तक के मुफ्त इलाज की सुविधा दी जायेगी। नई दिल्ली में आयोजित देशभर के परिवहन मंत्रियों की बैठक में लिये गये फैसले की जानकारी देते हुये उन्होंने कहा कि इलाज की सुविधा पूरी तरह कैशलेस होगी। श्री कुमार ने कहा कि सड़क दुर्घटना में घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले लोगों को पच्चीस हजार रूपये का ईनाम दिया जायेगा।

---

प्रदेश की सभी पंचायतों में अब स्थानीय जैव विविधता के संवर्द्धन को ध्यान में रखकर विकास योजनाएं तैयार की जाएगी। बिहार राज्य जैव विविधता पर्षद के संयुक्त निदेशक हेमकांत राय ने बताया कि इसके लिए प्रत्येक पंचायत में मुखिया की अध्यक्षता वाली जैव विविधता प्रबंधन समितियों को सक्रिय कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि इसके लिए सभी पंचायतों को दस–दस हजार रुपये भी उपलब्ध कराये गये हैं। श्री राय ने बताया कि जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को देखते हुए सरकार ने यह फैसला किया है।

---

आज देशभर में मकर संक्रांति का पर्व हर्षोल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मकर संक्रांति सर्दियों के अंत और लंबे समय दिनों की शुरूआत का प्रतीक है। एक रिपोर्ट...

———रिपोर्ट——— तिलवत् स्निग्धं मनोऽस्तु वाण्यां गुडवन्माधुर्यम्

तिलगुडलड्डुकवत् सम्बन्धेऽस्तु सुवृत्तत्त्वम्३

मकर संक्रांति एक प्रमुख भारतीय पर्व है। ये त्योहार सूर्य के धनु राशि को छोड़कर मकर राशि में प्रवेश करने के उपलक्ष्य में मनाया जाता है। मकर संक्रांति को उत्तरायण की शुरूआत भी माना जाता है। आज ही के दिन सूर्य दक्षिणायन से उत्तरायण की ओर गमन करता है। मान्यता है कि आज के दिन किए गए दान, जप और स्नान का विशेष महत्व है। आज के दिन लोग पवित्र नदियों में स्नान करते हैं और तिल, गुड़, खिचड़ी, वस्त्र आदि का दान करते हैं। मकर संक्रांति का कृषि क्षेत्र में भी अत्याधिक महत्व है क्योंकि इस समय रबी की फसल पककर तैयार होने लगती है। यह पर्व समाज में भाईचारे और मेल–मिलाप का संदेश देता है। देश के अलग–अलग हिस्सों में मकर संक्रांति अलग–अलग नामों से मनाई जाती है। तमिलनाडु में इसे पोंगल, पंजाब में लोहड़ी, असम में माघ बिहू और गुजरात में उत्तरायण कहा जाता है। आज के दिन राजस्थान और गुजरात में विशेष रूप से पतंग उड़ाने की परंपरा है। इस तरह मकर संक्रांति न केवल एक धार्मिक पर्व ही है, बल्कि ये प्रकृति, कृषि और सामाजिक समरसता का प्रतीक भी है। यह त्योहार हमें दान, सद्भाव और सकारात्मकता का संदेश देता है।

---

इधर, हमारे संवाददाता ने बताया कि मकर संक्रांति को लेकर आज प्रदेशभर में उत्साह का माहौल देखा जा रहा है। श्रद्धालुओं ने गंगा सहित अन्य पवित्र नदियों और सरोवरों में आस्था की डुबकी लगाई और पूजा–पाठ कर दान–पुण्य किया। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उप राष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन्, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने मकर संक्रांति के अवसर पर लोगों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि इस समय देश के अलग–अलग हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और पोंगल जैसे त्योहार मनाये जा रहे हैं। यह, एक भारत–श्रेष्ठ भारत की भावना को और मजबूत करता हैं।

———बाइट———

इस समय देश के अलग–अलग हिस्सों में लोहड़ी, मकर संक्रांति, माघ बिहू और अन्य त्योहारों की भी उमंग है। मैं भारत और दुनिया भर में रहने वाले सभी तमिल भाई–बहनों को पोंगल की और सभी पर्वों की बहुत–बहुत शुभकामनाएं देता हूं।

पटना स्थित लोकभवन में मकर संक्रांति का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विधायक और लोक गायिका मैथिली ठाकुर तथा किलकारी के बच्चों ने अपनी प्रस्तुति दी।

---

मकर संक्राति के अवसर पर विभिन्न राजनीतिक दलों द्वारा दही–चूड़ा भोज का आयोजन किया जा रहा है। पटना स्थित भाजपा प्रदेश मुख्यालय में आयोजित भोज में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी, उप मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी और विजय कुमार सिन्हा, स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय समेत राज्य मंत्रिमंडल के कई सदस्य और पार्टी के वरिष्ठ नेता शामिल हुए। जदयू विधायक रत्नेश सदा के आवास पर आयोजित दही–चूड़ा भोज में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार समेत जदयू के कई नेता उपस्थित थे। इधर, जनशक्ति जनता दल प्रमुख तेज प्रताप यादव के आवास पर आयोजित भोज में राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां, राजद अध्यक्ष लालू प्रसाद, उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा समेत विभिन्न राजनीतिक दलों के नेता शामिल हुए।

---

प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में धूप निकलने से लोगों को ठंड से राहत मिली है। मौसम विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अधिकतम और न्यूनतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी हुई है। आज भागलपुर का सबौर, रोहतास का डेहरी और औरंगाबाद राज्य के सबसे ठंडे स्थान रहे, जहां का न्यूनतम तापमान सात डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया। मौसम पूर्वानुमान में कहा गया है कि अगले दो से तीन दिनों के बाद अधिकतम तापमान में क्रमिक रूप से बढ़ोतरी होगी। वहीं, कल सुबह राज्य के उत्तरी हिस्सों में कुछ स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है।

–––बाइट–––

---

पटना के जिलाधिकारी डॉक्टर त्याग राजन एस.एम. ने अधिकारियों को धान खरीद में तेजी लाने का निर्देश दिया है। साथ ही उन्होंने किसानों को अड़तालीस घंटे के अंदर भुगतान सुनिश्चित करने को कहा।

---

मोतिहारी नगर थाना क्षेत्र के हेनरी बाजार से पुलिस ने लॉटरी का धंधा करने वाले एक गिरोह का पर्दाफाश किया है। इस मामले में पुलिस ने सात लोगों की गिरफ्तार की है।

---

कटिहार में बिहार विधानसभा चुनाव के दौरान सहायक थाना में एक अनुज्ञप्तिधारी की पिस्तौल गुम होने का मामला सामने आया है। इस मामले में थानाध्यक्ष आनंद कुमार  को पद से हटाते हुए विभागीय जांच शुरू कर दी गई है। साथ ही दो अन्य पुलिस पदाधिकारियों के विरुद्ध भी विभागीय जांच शुरू की गई है।

---

बेगूसराय जिले के गढ़पुरा नमक सत्याग्रह पथ पर गढ़खौली के पास सड़क हादसे में पिता और पुत्र की मौत हो गई।

---

सुपौल जिले के वीरपुर थाना क्षेत्र के शुभंकरपुर स्थित एक खेत से पुलिस ने छह सौ बीस किलो गांजा बरामद किया है।

---

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर..........

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा – किसानों के प्रयासों से आत्मनिर्भर भारत अभियान को मिल रही है मजबूती।

02. केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए पशु नस्ल संरक्षण की आवश्यकता पर बल दिया।

03. फर्जी दिव्यांगता प्रमाण पत्र के आधार पर पूर्णिया राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय अस्पताल में नामांकन लेने वाले सात छात्रों को किया गया निष्कासित।

04. और, पारंपरिक आस्था के साथ मनाया जा रहा है मकर संक्रांति का त्योहार।

---

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।